चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकःगोप0/प्रयो0/1475
दिनांकः 27/09/2021

# विज्ञप्ति

एतद्द्वारा **परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (बी0एड0, एम0एड0, बी0पी0एड0, मेडिकल एवं परामेडिकल को छोड़कर )** के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिन छात्र/छात्राओं की वार्षिक प्रणाली तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत वार्षिक एवं सम–विषम सेमेस्टर की लिखित परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है तथा परीक्षाफल भी घोषित हो चुका है किन्तु उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणवश छूट गयी है एवं उनकी उपाधि पूर्ण नहीं हो पायी है तथा कालबाधित की श्रेणी में नहीं आते हैं। ऐसे समस्त विद्यार्थी जो उक्त छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मलित होना चाहते हैं, वे अपना आवेदन सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान से अग्रसारित कराकर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इण्डियन बैंक में रू0 1500/– प्रति कोड शुल्क जमा कर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के आवेदन कमरा न0–308 में तथा परमपरागत पाठ्यक्रमों के आवेदन गोपनीय विभाग की खिड़की न0–40 पर प्रत्येक दशा में दिनांक 21.10.2021 तक अंकतालिका, प्रवेशपत्र की छायाप्रति के साथ जमा करना सुनिश्चित करें।

उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा। छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर यथासमय अलग से अपलोड की जायेगी।

24-09-2021
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु।

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया जी के संज्ञानार्थ।
3. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
5. प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि कालेज के सूचना पट पर चस्पा कर अपने महाविद्यालयों/संस्थानों के विद्यार्थियों को सूचित किया जा सके।

सहा0कुलसचिव (गोपनीय)